-:प्रेस नोट:-

दिनांक- 31.03.2026

कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा घरों में हुई चोरी की घटना का सूचना के 12 घण्टे के अन्दर सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के करीब 3.5 लाख रुपए कीमत के आभूषण, नकद रुपए सहित अवैध तमंचा बरामद।**

विवरण- पुलिस अधीक्षक बांदा श्री पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा वांछित अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक बांदा श्री शिवराज व अपर पुलिस अधीक्षक /क्षेत्राधिकारी नगर सुश्री मेविस टॉक के निकट पर्यवेक्षण में थाना कोतवाली देहात पुलिस द्वारा थाना कोतवाली देहात क्षेत्रान्तर्गत छनेहरालालपुर में 02 घरों का ताला तोड़कर हुई चोरी की घटना का सफल अनावरण करते हुए 03 अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया है अभियुक्तों के कब्जे से चोरी के करीब 3.5 लाख रुपए कीमत के आभूषण, नकद रुपए सहित अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए है। गौरतलब हो कि दिनांक 30.03.2026 को थाना कोतवाली देहात क्षेत्र के छनेहरालालपुर के रहने वाले मुखिया पुत्र भुरईया व मुन्ना ने अपने घर में दिनांक 25.03.2026 को व मुन्ना पुत्र मइयादिन ने अपने घर में दिनांक 28.03.2026 को अज्ञात चोरों द्वारा घर का ताला तोड़कर चोरी किए जाने सम्बन्ध में प्रार्थना पत्र दिए गए थे। जिसके सम्बन्ध में थाना कोतवाली देहात में अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों की पहचान व गिरफ्तारी हेतु टीमों का गठन किया गया। जिसके क्रम में थाना कोतवाली देहात पुलिस टीम द्वारा संदिग्धों से पूछताछ, वैज्ञानिक व तकनिकी साक्ष्यों का प्रयोग कर अभियुक्तों की पहचान करते हुए सूचना के 12 घण्टे के अन्दर मुखबिर की सूचना पर 03 अभियुक्तों को छनेहरालालपुर रोड से गिरफ्तार कर लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर अभियुक्तों द्वारा घरों में चोरी किए जाने की घटना को स्वीकार किया गया तथा तलाशी के दौरान उनके पास से चोरी किए गए करीब 3.5 लाख रुपए कीमत के आभूषण, नकद रुपए सहित अवैध तमंचा व कारतूस बरामद हुए है।

बरामदगी-

- 02 मंगलसूत्र पीली धातु (चोरी के)
- 01 हाफ पेटी सफेद धातु (चोरी के)
- 03 जोड़ी पायल सफेद धातु (चोरी के)
- 05 बिछिया सफेद धातु (चोरी के)
- 03 अंगूठी सफेद धातु(चोरी के)
- 01 कड़ा सफेद धातु (चोरी के)
- 13100 रुपए नकद (चोरी के)
- 01 अवैध तमंचा 315 बोर
- 03 जिन्दा कारतूस 315 बोर

गिरफ्तार अभियुक्त-

1. विवेक कुमार पुत्र रामेश्वर निवासी छनेहरालालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
2. सुरेश उर्फ मोती पुत्र दुर्जन निवासी छनेहरालालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
3. संतोष कुमार पुत्र बद्दू निवासी छनेहरालालपुर थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

पंजीकृत अभियोग-

1. मु0अ0सं0- 85/26 धारा 305(A)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।
2. मु0अ0सं0- 85/26 धारा 305(A)/317(2) बीएनएस थाना कोतवाली देहात जनपद बांदा।

गिरफ्तारी करने वाली टीम-

1. श्री चन्द्र प्रकाश तिवारी थानाध्यक्ष कोतवाली देहात
2. उ0नि0 श्री राजेश चन्द्र
3. कां0 सचिन पटेल
4. कां0 अभिषेक मिश्रा